हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024

तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

14 ट्यूबवेल वाले किसान रोपाई के लिए डाल रहे धान ...



14 125वीं पुण्यतिथि पर भगवान बिरसा मुंडा का ...





## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त




**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने ग्राम ग्राम मानपुर से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। आरोपी संतोष बंजारे पिता रूपचंद बंजारे के कब्जे से 2160 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1080 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



# दूषित पानी पीने को मजबूर हैं बिरकोनी के ग्रामीण

## बिरकोनी में नल जल योजना का काम अधूरा, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

इन दिनों गर्मी अपने चरण सीमा पर है। बढ़ते पारा का रिकार्ड टूटता जा रहा है। वहीं ग्राम बिरकोनी में वार्ड 1, 2, 3, 4 में पानी की समस्या निरंतर बनी हुई है। गांव के पुरानी टंकी से पानी का पूर्ति नहीं हो पा रही है। वार्ड 3 में पुराने नल कनेक्शन नाली लगा हुआ है। जिसे पंचायत द्वारा नहीं बनाया गया। वही सतनाम पारा में नाली से लगे नल कनेक्शन में दूषित पानी पीने को मजबूर है। मोतीलाल गिलहरे ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि को कई बार अवगत करा चुके है। इसके बावजूद इस समस्या को अनदेखा कर देते हैं। बारो माह पानी के लिए यही समस्या बनी हुई है। 7 माह पहले नल-जल योजना का कनेक्शन बिछ चुका है। लेकिन, अभी तक कनेक्शन को घरों में नहीं जोड़ा गया है। जिससे पानी गली की नाली में बह रहा है। इससे जगह-जगह कीचड़ व आवागमन के लिए दिक्कत हो रही है। नाली से सटा पाइप का पानी पीने को ग्रामीण विवश है। नल पाइप का पानी नाली में ही बहता है। हसमुख वैष्णव ने बताया कि वार्ड 1 और 2 में पानी की गंभीर समस्या है। पंचायत द्वारा नल कनेक्शन में ठीक से पानी सप्लाई नहीं दिया जाता है। 5 से 10 मीनट के लिए नल से पानी आता है। जिससे मोहल्ले वालों को पीने तक के लिए पानी नहीं मिल पाता। पिछले तीन माह से लोग परेशान है। यह समस्या और बढ़ती जा रही है। रजत चंद्राकर ने बताया कि सुबह और शाम पीने के पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। इस समस्या की ओर पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पानी की तकलीफ दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। हेमलता वैष्णव ने बताया कि पानी भरते समय बार-बार बिजली बन्द होने से सप्लाई प्रभावित हो जाती है। भीषण गर्मी में पानी की अधिक जरूरत होती है। बढ़ते तापमान के चलते सुबह का पानी दोपहर तक गर्म हो जाता है। शाम को तो पानी सप्लाई की उम्मीद ही नहीं रहती।

## राहत: ऋण पुस्तिका नहीं मिलने से किसानों को हो रही थी अनेक परेशानी

# 5 माह से नहीं मिली ऋण पुस्तिका, आमरण अनशन शुरू होते ही 5 घंटे के भीतर मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृषि भूमि खरीदने के 5 माह बाद भी किसान को ऋण पुस्तिका

- किसान ने दी थी आंदोलन की चेतावनी, प्रशासन ने किया नजरअंदाज तो घर के बाहर किया प्रदर्शन

नही मिली। जिसके अभाव में किसान को न तो खाद-बीज मिल पा रहा न बैंक केसीसी दे रही। साथ ही खरीफ फसल का धान बेचने के लिए पंजीयन भी नहीं हो पा रहा है।

इससे परेशान होकर किसान परिवार ने सोमवार को आमरण अनशन करते हुए आरोप लगाया कि पटवारी ऋण पुस्तिका देने के लिए रुपए पैसे की मांग कर रहा है। आमरण अनशन की सूचना मिलते ही उच्चाधिकारी मौके पर समझाईश देने पहुंचे लेकिन बात नही बनी बात जब मौके पर तहसीलदार ने ऋण पुस्तिका सौंपी तब किसान परिवार ने आमरण अनशन समाप्त किया।

मामला जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बिरकोनी का है जहां बिरकोनी निवासी किसान शत्रुधन लाल साहू ने 30 जनवरी 2023 को बिरकोनी में ही 0.4300 हेक्टेयर कृषि भूमि अपनी बेटी कु. मीनाक्षी साहू के नाम खरीदी। जिसकी बाकायदा रजिस्ट्री कराई गई। रजिस्ट्री के बाद कई बार विभाग के चक्कर लगाने के बावजूद ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई गई। जिससे परेशान किसान शत्रुधन ने विगत 5 जून को कलेक्टर सहित अन्य उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौपकर 9 जून से आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी थी। बावजूद प्रशासन द्वारा ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराने संबंधी कोई पहल नहीं की गई। और किसान की चेतावनी को काफी हल्के में लिया गया। चेतावनी की निर्धारित मियाद पूरी होने के साथ ही सोमवार को किसान ने ग्राम बिरकोनी में अपने घर के सामने ही आमरण अनशन की शुरुआत की।

प्रभारी तहसीलदार श्रीधर पंडा ने कहा कि ऋण पुस्तिका की मांग पर आमरण अनशन पर बैठे किसान को ऋण पुस्तिका सौंपकर अनशन समाप्त कराया गया। किसान के आरोपों की जांच होगी जो सही पाए जाने पर पटवारी के खिलाफ कार्रवाई कार्रवाई की जाएगी।




### पटवारी व तहसीलदार पर कार्रवाई की मांग

पांच महीने से ऋण पुस्तिका न मिलने से नाराज किसान ने अपने घर के सामने रविवार सुबह से आमरण अनशन शुरु कर दिया। जैसे ही यह खबर प्रशासन को मिली, प्रभारी तहसीलदार श्रीधर पंडा, नायब तहसीलदार, आर आई मौके पर पहुंचे और किसान को मनाने की कोशिश की, पर किसान नहीं माना। बाद में प्रभारी तहसीलदार ने ऋण पुस्तिका किसान को दी। ऋण पुस्तिका मिलने के बाद किसान पटवारी राम कुमार पवार पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ गया। जिसपर तहसीलदार ने कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया है।

### आरोप- पटवारी ने की पैसे की मांग

किसान शत्रुधन ने बताया कि कृषि भूमि खरीदने के बाद भी ऋण पुस्तिका के लिए पटवारी के कार्यालय का कई बार चक्कर लगाया, पहले तो पटवारी आश्वासन देता रहा कि जल्द ही ऋण पुस्तिका उपलब्ध करा देगा। किसान ने आरोप लगाया कि पटवारी ने ऋण पुस्तिका के बदले उनसे पैसे की मांग की जिसे वह देने के लिए मना कर दिया तब से लेकर अब तक वह ऋण पुस्तिका के लिए भटक रहा है।

# भू-स्वामी हक की जमीन नहीं, हाइवे की जमीन पर उगे पेड़ों को काटा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फालोअप

हाईवे में ग्राम बेलसोंडा में बिना अनुमति पेड़ काटे जाने के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। मामले में पेट्रोल पंप निर्माणी द्वारा अपने भू स्वामी हक की जमीन की बजाय शासकीय मद में दर्ज राष्ट्रीय राजमार्ग की जमीन पर उगे पेड़ों को काटा गया है। राजस्व विभाग के जमीनी अमले द्वारा इसका जांच प्रतिवेदन तैयार कर एसडीएम को सौंप दिया गया है।

- जांच में आई यह बात सामने, जमीनी अमले ने एसडीएम को सौंपी रिपोर्ट

मिली जानकारी के अनुसार जांच में पाया गया कि काटे गए पेड़ राष्ट्रीय राजमार्ग के खसरा क्रमांक 2460 में स्थित है जिसका रकबा 4.38 हेक्टेयर है। बता दें कि काटे गए पेड़ों की स्थिति खसरा और रकबा क्रमांक के अलावा गूगल मैप में चिन्हांकित कर एसडीएम को सौंप दी गई है। बता दें कि पेट्रोल पंप निर्माणी की जमीन राजमार्ग क्रमांक 353 में खसरा क्रमांक 2460 से लगकर स्थित है जिसमें पेट्रोल पंप का निर्माण किया जा रहा है। प्रस्तावित पेट्रोल पंप में आवाजाही बाधित होने की आशंका के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अनुमति लिए बिना ही पेड़ों को काटकर पर्यावरण को हानि पहुंचाई गई है। मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को भी इसकी सूचना राजस्व विभाग द्वारा अपने जांच प्रतिवेदन के आधार पर दी जा रही है।


4 हरे-भरे पेड़ों के ठूंठ मिले, अन्य के लिए ली जाएगी गूगल की मदद

बेलसोंडा में बिना अनुमति पेड़ काटे जाने का मामला, जांच में पहुंचा राजस्व और फॉरेस्ट का मैदानी अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कर्मी को जांच के दौरान मिली धमकी

पेड़ों के बड़े होने तक न दी जाए पंप संचालन की अनुमति

### पेड़ों के बड़े होने तक न दी जाए पंप संचालन की अनुमति

मामले की जांच के दौरान ग्रामीणों को पता चला कि पेट्रोल पंप निर्माणी द्वारा काटे गए पेड़ों की क्षतिपूर्ति के तहत 20 पौधे रोपित किए जाने की बात कही गई है। वहीं ग्रामीणों ने सोमवार को भी इस बात को दोहराया है कि जिन हरे भरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया गया है। क्षतिपूर्ति के तहत लगाए गए पेड़ों के बड़े होने तक पेट्रोल पंप संचालन की अनुमति प्रशासन द्वारा न दी जाए।

### रग्बी में शामिल हुए जिले के खिलाड़ी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबाल एसोसिएशन द्वारा सातवीं राज्यस्तरीय सीनियर व जूनियर (बालक/बालिका) रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में महासमुंद जिले के खिलाड़ी भी शामिल हुए। रग्बी खेल तुमगांव में नियमित रूप से प्रशिक्षक व व्यायाम शिक्षक डा सुनील भोई व सीनियर खिलाड़ियों द्वारा संचालित किया जा रहा है।

# तोषगांव के निलेश थल सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली तहसील अंतर्गत ग्राम तोषगांव के निलेश प्रधान का हाल ही में भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है।

निलेश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने अंचल के एक निजी विद्यालय एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुण्डा में प्राप्त की। कम उम्र में ही निलेश के पिता का स्वर्गवास हो गया। पिता स्व.अक्षय प्रधान का सपना था कि निलेश देश सेवा में समर्पित हो। पिता के गुजर जाने के बाद निलेश शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किसड़ी में पदस्थ माता सुदेष्टा प्रधान के मार्गदर्शन में पढाई जारी रखी। कक्षा 5 वीं में निलेश ने सैनिक स्कूल व नवोदय दोनों की परीक्षा दी और दोनों परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए पिता का सपना पूरा करने 6 वीं में राज्य के एकमात्र सैनिक स्कूल अंबिकापुर में एडमिशन प्राप्त की। जहां 12वीं की पढ़ाई के बाद पहले प्रयास में राष्ट्रीय रक्षा एकादमी पुणे में चयन होकर ट्रेनिंग शुरू की। पुणे में अपनी ट्रेनिंग के साथ ग्रेजुएशन पश्चात भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में एक साल की ट्रेनिंग पूरी की। अब लेफ्टिनेंट निलेश प्रधान भारत की रक्षा के लिए भारतीय थल सेना में देश की सेवा करेंगे।

# तेज रफ्तार से बाइक चलाने से मना किया तो युवक से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम जोगनीपाली में बाइक तेज गति से चलाने से मना करने पर एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। दीपक चौहान ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पूर्व गांव का उमेश दास, संतोष दास व प्रकाश दास तीनों अपने मोटर सायकल को गली में काफी स्पीड से चला रहे थे, जिसे दीपक ने कहा कि गाड़ी को धीरे चलाओ, गली में बच्चे खेलते रहते हैं, एक्सीडेंट हो जाएगा। इसी बात से नाराज होकर तीनों युवकों ने उसे गाली गलौज कर देख लेने की धमकी गी। इसके बाद 8 जून 2024 के रात्रि 9:30 बजे जब दीपक गांव के तारापीला मोहल्ला के खैरा दुकान अपने भतीजे रोशन के साथ गया था तो उसी समय उमेश दास, संतोष दास व प्रकाश दास तीनों एक मोटर सायकल में आए और दीपक को पुरानी बात पर गाली गलौज करते हुए जान सहित मारने की धमकी देकर झूमाझटकी कर हाथ मुक्का से मारपीट किए। दीपक ने बताया कि उमेश दास ने उसे लकड़ीनुमा पाटा से सिर पर वार कर दिया, जिससे सिर में चोट लगने से खून बहने लगा और दीपक बेहोश होकर गिर गया, और तीनों मोटर सायकल से भाग गये। मामले की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 294, 323, 34, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## शरबत वितरण...



**महासमुंद।** शहीदों के सरताज सिक्खों के पांचवे गुरु श्री अर्जन देव जी की शहादत दिवस पर सोमवार को गुरुद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर महासमुंद द्वारा शहर के नेहरू चौक में भीषण गर्मी के दौरान शीतल पेय का वितरण किया गया। इस दौरान सिक्ख युवाओं की टीम सेवा में जुटी रही।

## कहीं शिक्षकों की कमी तो कहीं स्कूल मरम्मत कार्य बाकी

# आधे-अधूरे कामों के साथ होगी नए शिक्षा सत्र की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नये शिक्षा सत्र की शुरूआत मे बस अब कुछ ही दिन रह गये है लेकिन कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद भी जिले में स्कूलों का मरम्मत का काम अभी भी शेष है। जिले में जर्जर स्कूलों का चेहरा बदलने 40 करोड़ 52 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इन पैसों से 518 में से अब तक 326 स्कूलों का कायाकल्प हो चुका है। वहीं 192 स्कूलों में मरम्मत कार्य जारी हैं। जिसे 14 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इन सबके बीच जिले की प्राथमिक स्कूलों में अब भी 1637 शिक्षकों के पद खाली है। जिसकी पूर्ति करने के लिए फिलहाल शिक्षा विभाग के पास कोई विकल्प नहीं 'है।

इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को भेजी जा चुकी है। लेकिन इन प्राथमिक स्कूलों में मासूम बच्चों में शिक्षा की बुनियाद रखने के लिए शिक्षकों की व्यवस्था दुरूस्त होगी। ऐसी निकट भविष्य में संभावना नजर नहीं आ रही है। शिक्षा सत्र 18 जून से शुरू होने वाले हैं। 10 दिन में जिला समेत प्रदेश में स्कूली बच्चों के प्रवेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बीच 192 स्कूलों की मरम्मत पूरे करने में मात्र 7 दिन ही बचे हैं। बहरहाल जिले की जर्जर स्कूलों के मरम्मत और रंग-रोगन होने के बाद अधिकांश स्कूलों की इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी सुधार आया है। बता दें कि 518 भवनों की मरम्मत के लिए राशि की स्वीकृति भी पिछले साल तीन चरणों में मिली थी। प्राथमिक शालाएं व माध्यमिक शालाओं के भवन जर्जर हैं। 192 स्कूलों में मरम्मत और रंग-रोगन का कार्य जारी है। 2023 के मार्च महीने में ही राशि की स्वीकृति मिली थी। इसके बाद से कार्य एजेंसियों द्वारा मरम्मत का काम कराया जा रहा है। कुछ स्कूलों में फंड आने में देरी और पिछले साल मानसून सीजन के चलते निर्माण कार्य में देरी होने की बात कही जा रही है।

### सुधार के हर प्रयास जारी

जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सांवत ने कहा कि जिले में शिक्षा का स्तर बेहतर है। हाल ही में 10वीं-12वीं बोर्ड के टॉप टेन में महासमुंद से 5 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया। अभी जिले के सभी जर्जर स्कूलों के मरम्मत कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही सारे स्कूलों की संरचना में सुधार आ जाएगा। शिक्षकों की कमी चिंता का विषय है फिर भी हमारे शिक्षक अपने बेहतर प्रयास से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

### स्कूलों में शिक्षकों की कमी

जिले में 1281 प्राथमिक स्कूल हैं। संचालित जिले में कुल 1281 प्राथमिक शालाएं हैं। जहां 4 हजार 878 शिक्षकों की जरूरत है, लेकिन मात्र 3241 शिक्षक ही कार्यरत है। जिसकी वजह से प्राथमिक शाला मे शिक्षकों की कमी बनी हुई है।

### कलेक्टर ने दिए सख्त आदेश

जिला कलेक्टर प्रभात मलिक ने सभी निर्माण एजेंसियों एवं स्कुल शिक्षा अधिकारियों को 15 जून तक मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। ऐसी एजेंसी जो समय पर कार्य पूर्ण नहीं किए हैं, उन्हें नोटिस भी देने की बात कही है। इधर, अधिकारियों को 10 जून तक शाला का निरीक्षण भी करना है और बाथरूम, शौचालय पेयजल व साफ-सफाई की व्यवस्था करानी है।

# जमीन विवाद को लेकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर प्रार्थी गिरधारी साहू पिता रूपचंद साहू (47) निवासी भुरकोनी के साथ उसके घर बाड़ी में आरोपी दुर्योधन, गोपीचंद ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969



## खबर संक्षेप



### पेड़ लगाएं जीवन बचाएं अभियान शुरू

रायपुर। पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं, जीवन बचाएं। वृक्ष पूजन अभियान रविवार को ग्राम बड़े अंवरी तहसील पाटन में रखा गया, जिसके मुखिया पर्यावरण प्रेमी देवचरण साहू एवं जनसेवक अरूण जोशी द्वारा छत्तीसगढ़ पेड़ दिवस एवं वृक्ष पूजन अभियान लगातार 24 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. पुरुषोत्तम सोनवानी, कुनाल गुप्ता, मनोज ठाकुर, सूरज साव ने पौधे लगाकर वृक्ष के महत्व को समझा, जाना और लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किए। पेड़-पौधे आवश्यक हैं, पेड़-पौधे रहेंगे, तभी मानव जीवन सुरक्षित है।


### ट्रक चालक से मारपीट चाकू की नोक पर लूट

रायपुर। राखी थाने में एक ट्रक ड्राइवर ने दो बाइक सवार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चाकू की नोक पर मारपीट करने तथा 10 हजार रुपए लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रक ड्राइवर पिरदा मंदिर हसौद से गिट्टी भरकर सिहावा ले जा रहा था, इसी दौरान ट्रक के अंदर बैठकर खाना खा रहे ड्राइवर के साथ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा जोरा स्थित धनगुरु ट्रांसपोर्ट में ट्रक चलाने वाले महेश प्रजापति ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार देर रात वह पुरखौती मुक्तांगन के पास ट्रक खड़ा कर अंदर बैठकर खाना खा रहा था। वह ट्रक में अकेला था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और कंडक्टर तथा ड्राइवर साइड का दरवाजा खोलकर ट्रक के अंदर दाखिल हुए। एक बदमाश ने ट्रक ड्राइवर से पीने के लिए पानी मांगा। इसी बीच दूसरे बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर ट्रक ड्राइवर की छाती पर टिका दिया और उससे पैसों की मांग करने लगा। इनकार करने पर बदमाशों ने ड्राइवर की जेब से जबरन पैसे निकाल लिए। मोबाइल लूटने की कोशिश कर रहे बदमाशों ने ट्रक में रखे टूल से ट्रक ड्राइवर की पिटाई की और मौके से फरार हो गए।

### गुड़ाखू बेचने के विवाद पर पेंचकस से हमला

रायपुर। धरसींवा थाने में एक ट्रक ड्राइवर ने एक किराना कारोबारी के खिलाफ गुड़ाखू बेचने के विवाद पर पेंचकस से हमला कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक संतोष कुर्रे ने प्रहलाद वर्मा के खिलाफ हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया कि गिरोद में किराना दुकान संचालित करने वाले प्रहलाद की दुकान पर वह गुड़ाखू खरीदने गया। गुड़ाखू की कीमत 40 रुपए बताने पर संतोष ने दुकानदार को अन्य दुकानों में गुड़ाखू 35 रुपए में मिलने की बात कही। इससे नाराज होकर प्रहलाद ने संतोष के गाल पर पेंचकस से हमला कर घायल कर दिया।

### दोपहिया चोरी का आरोपी एमपी से गिरफ्तार



रायपुर। उरला पुलिस ने दोपहिया चोरी मामले के एक आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दोपहिया जब्त की है। पुलिस के मुताबिक ओंकार सचदेव की रिपोर्ट पर उसका ई-स्कूटर चोरी करने के आरोप में मध्यप्रदेश, बालाघाट निवासी राहुल राणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान सीसीटीवी फूटेज के माध्यम से की है।

### हाईवा की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

रायपुर। माना थाना क्षेत्र में हाईवा की चपेट में आने से मोपेड चला रहे एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हाईवा सीजी-04 पीई-8069 की चपेट में आने से हासानंद नेचवानी की मौत हुई है। हासानंद शुक्रवार देर रात अपनी मोपेड से जा रहा था, इसी दौरान डूमरतराई के पास हाईवा के ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए हासानंद को अपनी चपेट में ले लिया। हाईवा की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# पांच नए जिलों में जिला अस्पताल, सीएमएचओ-सिविल सर्जन के दफ्तर भी बनेंगे

**निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी लगाने अफसरों को निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य में गठित किए गए पांच नए जिलों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा दिलाने के लिए जिला अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। जिला अस्पताल के साथ वहां सीएमओ और सिविल सर्जन के कार्यालय भी बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने अफसरों को काम में तेजी लाने का निर्देश भी दिया है।

पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अफसरों की मैराथन बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न निर्देश दिए थे। इस दौरान गठित नए जिले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने जिला अस्पताल बनाने का काम शुरू करने का निर्देश दिया है। इन जिलों में सौ-सौ बेड का जिला अस्पताल बनाने के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

अस्पताल भवन के साथ सीएमएचओ और सिविल सर्जन के कार्यालय के निर्माण की योजना को भी पूरा किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक अस्पताल बनाने के लिए पूर्व में प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है और फंड की व्यवस्था अनुपूरक बजट में की जाएगी। इसके अलावा जशपुर जिले में सिविल अस्पताल बनाने की योजना है, जिस पर भी स्वास्थ्य मंत्री ने अफसरों से जानकारी ली है।

### सेटअप भी स्वीकृत होगा

प्रस्तावित जिला अस्पतालों में चिकित्सकीय कार्य के लिए सेटअप भी तैयार करने का काम आने वाले दिनों में शुरू किया जाएगा। चिकित्सकों सहित अन्य पदों को हरी झंडी मिलने के बाद भर्ती भी शुरू की जाएगी। नए जिलों के अलावा पुराने जिलों में भी लंबित भर्ती की प्रक्रिया पूरी करने की हिदायत दी जा चुकी है।




### पूरी की जा रही प्रक्रिया

नए जिलों में अस्पताल के साथ सीएमओ और सिविल सर्जन के कार्यालय बनाने की योजना है। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

- डॉ. डीके तुर्रे, उपसंचालक, स्वास्थ्य विभाग

### चार नए मेडिकल कालेज भी

अगले साल खुलने वाले चार नए मेडिकल कॉलेज कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, मनेंद्रगढ़ और गीदम के लिए स्वीकृत राशि और उससे संबंधित कार्यों के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा शिक्षा से संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली थी। चारों कॉलेजों की शुरुआत पचास-पचास सीटों के साथ की जानी है, इसके लिए शासन द्वारा 12 सौ करोड़ की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है।

**शहर के बीएसयूपी कॉलोनियों में रहने वालों ने अटकाया भुगतान, इसलिए ऐसा हाल**

# बीएसयूपी कॉलोनियों में मेंटेनेंस नहीं, गंदगी और अव्यवस्था के बीच फंसे 16 हजार परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बरसात से पहले बीएसयूपी कॉलोनियों में मेंटेनेंस नहीं कराया गया है। इससे गंदगी व असुविधाओं के बीच 16 हजार से ज्यादा परिवार फंसे हुए हैं। इनको राहत देने के लिए नगर निगम व जोन के जिम्मेदारों ने कोई पहल नहीं की है। इससे कॉलोनियों की बिल्डिंग के प्लास्टर उखड़ने लगे हैं और सीवरेज लाइन की सफाई नहीं होने से मिट्टी तथा कचरा जाम है। यह स्थिति इसलिए बनी है, क्योंकि कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों ने अलॉटमेंट के बाद किस्तों का भुगतान नहीं किया है। इसके चलते 12 से ज्यादा कॉलोनियों में अव्यवस्था की स्थिति है।

शहर की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले 30 हजार से ज्यादा परिवारों में से नगर निगम ने अभी तक 16 हजार से ज्यादा परिवारों को अलग-अलग वार्ड व जोन क्षेत्र में बनवाई गई बीएसयूपी कॉलोनियों में निगम ने विस्थापित किया। झुग्गी से कॉलोनियों में शिफ्टिंग सिर्फ 2 हजार रुपए जमा लेने के बाद किया गया। इसके बाद लोगों ने बकाया राशि को 10 साल में भी जमा नहीं की है। इससे कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को जरूरी सुविधाएं भी नहीं मिल पाईं। बीएसयूपी में मेंटेनेंस के लिए गाइडलाइन के तहत आगे प्रक्रिया भी नहीं हुई। बरसात के लिहाज से भी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सुध नहीं ली गई। इसका खुलासा भाठागांव के 40 ब्लॉक में बसाए गए परिवारों का जायजा लेने पर हुआ। इस कॉलोनी में पानी निकासी के लिए बनाई गई व्यवस्था फेल है। प्लास्टर उखड़ रहे व स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। पेयजल भी लोगों को सार्वजनिक नल के भरोसे मिलता है।

### यहां बनवाई गईं कॉलोनियां

भाठागांव, मठपुरैना, कचना, सड्डू, अमलीडीह, दलदल सिवनी, कांठाडीह, कबीर नगर, कोटा, आमानाका, सरोना में बनवाई गई बीएसयूपी कॉलोनियों में 16 हजार से ज्यादा परिवारों को बसाया गया। इसके बाद बुनियादी सुविधाओं की बहाली के लिए किसी प्रकार का प्रयास नहीं हो पाया। ऐसा इसलिए भी हुआ, क्योंकि जिन लोगों को मकान अलॉट किया गया, उन्होंने शर्तों का पालन करते हुए तय राशि जमा करने में भी विलंब किया। इससे निगम व जोन के जिम्मेदारों ने वहां रहने वाले परिवारों की सुध नही ली। यहां बरसात से पहले भी मेंटेनेंस नहीं हुआ।





### एजेंसी से कराएंगे सुधार

बीएसयूपी कॉलोनियों में जिन लोगों को मकान दिया गया, उनमें से ज्यादातर परिवारों ने एक किस्त देने के बाद भुगतान नहीं किया है। जो जरूरी काम जोन से कराया जा सकता है, वही संभव हुआ। अब एजेंसी से सुधार कराने दिशा-निर्देश मिला है।

- **राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर

### इस तरह की समस्या हर कॉलोनी में

भाठागांव बीएसयूपी के हर ब्लॉक में बरसात के दिनों में सीपेज की समस्या रहती है। इसके अलावा पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियों की सफाई नहीं होने से नामोनिशान खत्म है। लोगों ने बताया कि तेज बारिश होने पर पानी निकासी बड़ी समस्या बनती है। कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा के लिए बाउंड्री, नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। इससे हर ब्लॉक और कॉलोनी में कचरे का ढेर है। सैप्टिक टैंक की सफाई व मेंटेनेंस नहीं होने से बरसात में बड़ी समस्या का रूप लेते हैं, शिकायत करने पर भी जिम्मेदार सुधार नहीं कराते हैं।

### इन शर्तों पर आवंटन से ...

निगम सूत्रों ने बताया कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले जिन परिवारों को विस्थापन के तहत कॉलोनियों में मकान का आवंटन किया गया। उनको प्रति फ्लैट के 20 हजार रुपए देने था। इसके अलावा बिजली व नल कनेक्शन के लिए उन्हें अलग से तय राशि देने का प्रावधान किया गया। तब ज्यादातर परिवारों ने 2-2 हजार रुपए देने के बाद मकान में रहना शुरू किया, लेकिन बकाया 18 हजार का भुगतान नहीं किया। इसके चलते करोड़ों का भुगतान विगत 10 साल से फंसा है। इस वजह से निगम के जिम्मेदारों ने सुविधा देने की मुहिम अटकाई।

# जैतखंब को क्षति पहुंचाने के मामले की होगी न्यायिक जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बलौदाबाजार जिले के महकोनी गांव में पिछले माह अमर गुफा का गेट तोड़ने और जैतखंब क्षतिग्रस्त करने के मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच कराए जाने की घोषणा की है।

सतनामी समाज द्वारा 10 जून को प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी, उसके पहले ही जांच का निर्णय लिया गया है। महकोनी गांव में सतनामी समाज का आस्था स्थल है, जिसे अमर गुफा कहा जाता है। 17 मई की सुबह पुजारी ने चौकी गिरौधपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति ने लोहे का छोटा गेट तोड़ दिया है तथा जैतखंब को नुकसान पहुंचाया है। 19 मई को बलौदाबाजार भाटापारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों ने घटना कारित करना स्वीकार किया।

### न्यायिक जांच की मांग

मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन सतनामी समाज की ओर से इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की गई। सतनामी समाज की ओर से 10 जून को कलेक्टर-एसपी के घेराव की तैयारी की गई थी।

- गृहमंत्री विजय शर्मा ने की घोषणा
- सतनामी समाज ने की थी मांग, आज थी प्रदर्शन की तैयारी

### गृहमंत्री बोले- जज करेंगे जांच

गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस मसले को लेकर घोषणा की है कि पूरे मामले की न्यायिक जांच की जाएगी। मामले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश थे कि सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली इस घटना की न्यायिक जांच कराई जाए। यह न्यायिक जांच रिटायर जज अथवा कार्यरत जज से कराई जाएगी।

# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की एआई तकनीक की मदद से सेटेलाइट के जरिए होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगलों की निगरानी हाईटेक तरीके से करने की तैयारी चल रही है। इसी महीने टाइगर रिजर्व का रिमोट सेंसिंग एवं ड्रोन मैपिंग पोर्टल लांच करने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। जंगल की निगरानी हाईटेक तरीके से करने के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग तथा एआई तकनीक की मदद ली जा रही है। नई तकनीक से जंगल की इमेज क्लीयर आएगी। गूगल मैप की अन्य इमेज की तरह एआई तकनीक से तैयार इमेज धुंधली नहीं होगी।

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक क्लाउड कंप्यूटिंग एवं एआई आधारित गूगल अर्थ इंजन के माध्यम से टाइगर कॉरिडोर में वन एवं जल आवरण बदलाव, ड्रोन मैपिंग पोर्टल से आमजन सूक्ष्मता से देख सकेंगे। साथ ही चार सौ किमी. लंबे इंद्रावती, सीतानदी-उदंती, सुनाबेड़ा टाइगर कॉरिडोर में वर्ष 2010-2023 तक वन एवं जल आवरण में आए परिवर्तन को लोग देख सकेंगे। अफसर के अनुसार कॉरिडोर में डिस्टर्बेंस की वजह से महाराष्ट्र के अतिरिक्त बाघों (जो नई टेरिटरी की खोज में विचरण करते हैं) उनकी छत्तीसगढ़ और ओडिशा में आवाजाही लगभग बंद हो गई है। टाइगर कॉरिडोर में आए नकारात्मक वन एवं जल आवरण बदलाव वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर अवैध कटाई रोकने के साथ शिकार की घटना रोकने ऑपरेशन चलाने में मदद मिलेगी।

### ओडिशा के दस किमी. के जंगल निगरानी में

उदंती-टाइगर रिजर्व का एरिया, जो ओडिशा के एक सौ 25 किमी. की सीमा से सटा है। नए सिस्टम से ओडिशा के 10 किमी. अंदर तक वन आवरण परिवर्तन को देख सकेंगे, जो अतिक्रमण और अवैध कटाई के दृष्टिकोण से अति संवेदनशील है। इसके अतिरिक्त हर पांच दिन में सेटेलाइट डेटा के माध्यम से वन, जल आवरण की तुलना कर सकेंगे। वन विभाग के इस पोर्टल का उपयोग जल संसाधन विभाग भी कर सकता है।



- जंगल में कब्जे से लेकर अवैध कटाई की जानकारी एक क्लिक में मिल सकेगी
- इसी महीने ड्रोन मैपिंग पोर्टल लांच करने की तैयारी

*पांच सेमी. तक जूम कर देख सकेंगे : गूगल अर्थ में किसी भी क्षेत्र की इमेज देखने ज्यादा जूम करने पर इमेज धुंधली होने लगती है। ड्रोन पोर्टल से तैयार इमेज को पांच सेंटीमीटर तक जूम कर 50 से ढाई सौ हेक्टेयर क्षेत्र को आसानी से लोग देख सकेंगे। इससे वृक्षारोपण के अलावा पौधों का विकास देखने तथा मापने में मदद मिलेगी।*

### ऐसे की जाती है ड्रोन मैपिंग

गौरतलब है कि ड्रोन मैपिंग पोर्टल, अर्थ इंजन आधारित रिमोट सेंसिंग पोर्टल संभवतः देशभर में छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा प्रथम पहल है। ड्रोन मैपिंग करने के लिए इस तरह के उपाय किए जाते हैं..

- जिस क्षेत्र की मैपिंग करनी होती है, उस क्षेत्र का फ्लाइट प्लान (केएमएल फाइल) बनाकर ड्रोन में फीड किया जाता है
- फ्लाइट प्लान के अनुसार ड्रोन उस क्षेत्र के ऊपर से गुजरते हुए हजारों जिओ-टैग्ड (जीपीएस सहित) फोटो खींचता है
- वर्क स्टेशन एवं क्लाउड कंप्यूटिंग की मदद से इन हजारों फोटो को प्रोसेसिंग कर स्टिच कर एक बड़ा मानचित्र तैयार किया जाता है, जिसे ओर्थोमोसाइक फोटो कहते है। इस प्रोसेसिंग कार्य में एक से दो दिन लग जाते हैं और इसके लिए अत्याधुनिक कंप्यूटर, वर्क स्टेशन आवश्यक होते हैं। इसके बाद मानचित्र को ड्रोन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है।

# प्रदेश में बिजली उत्पादन का पॉवर 3 से 13 हजार मेगावाट करने की तैयारी

- 660 मेगावाट के तीन संयंत्रों के साथ पानी से भी 7700 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में बिजली का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बड़ा काम कर रही है। अभी अपना उत्पादन तीन हजार मेगावाट के ही आसपास है, इसे आने वाले समय में 13 हजार मेगावाट करने की कवायद प्रारंभ हो गई है। प्रदेश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। प्रदेश में पहली बार 660 मेगावाट के तीन नए संयंत्र लगाने की तैयारी है।

इसमें से एक संयंत्र मड़वा में और दो कोरबा में लगेंगे। इसी के साथ पांच स्थानों पर पानी से 7700 मेगावाट बिजली बनाने के लिए प्लांट लगेंगे। कोरबा में 1340 मेगावाट का नया संयंत्र लगाने की मंजूरी प्रदेश सरकार दे चुकी है। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी लेने के लिए तेजी से काम चल रहा है। अगले माह मंजूरी मिलने की संभावना है। मड़वा के संयंत्र के लिए अब डीपीआर बनाने की तैयारी है। प्रदेश सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र लगाने की तैयारी है। इसे लेकर उत्पादन कंपनी तैयारी कर रही है।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या 65 लाख से ज्यादा हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।



### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब आठ साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था। आज की स्थिति में जहां अपना उत्पादन 2980 मेगावाट है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर मिलता है। ऐसे में राज्य में बिजली छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो जाती है।

# गांजे के सौदागर अब नाबालिगों को बना रहे सप्लायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

रेलवे पुलिस से बचने गांजे के सौदागर तस्करी के लिए अब हर महीने अपने काम करने का तरीका बदल रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें गांजा दूसरे राज्यों तक पहुंचाने में सफलता नहीं मिल रही है। आरपीएफ टीम मुखबिर की मदद से लगातार फिल्मी अंदाज में तस्करों को पकड़कर उनकी सभी योजनाओं को विफल कर रही है।

जानकारी के मुताबिक अब तस्कर आरपीएफ और जीआरपी की आंखों में धूल झोंकने नया पैंतरा अपना रही है। ट्रेनों के जरिए गांजा तस्करी करने नाबालिग अपचारी बालक को सप्लायर बनाया जा रहा है। तस्करी के मामले में बीते 6 महीने में नाबालिगों की संख्या बढ़ी है। आरपीएफ ने बताया कि गांजे के सौदागर अपराधों में संलिप्त नाबालिगों को सप्लायर के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रदेश व दूसरे राज्यों के मुखबिर के जरिए ऐसे नाबालिगों को गिरफ्तार किया जा रहा है।



*ओडिशा से खरीदकर गैरतगंज जाने की तैयारी : पूछताछ में दोनों अपचारी बालकों ने बताया कि बरामद गांजा हरिशंकर ओडिशा से खरीदकर रेलमार्ग से रायपुर रेलवे स्टेशन आने और रेलमार्ग से सागर के रास्ते गैरतगंज जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे कि पकड़े गए।*

### लगातार मिल रही सफलता

ऑपरेशन नारकोस के तहत मुखबिर सूचना के आधार पर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 से दो अपचारी बालकों को पकड़ने में सफलता मिली है। तस्करों के हर नए पैंतरे पर हमारी नजर है, इसलिए लगातार आरपीएफ को सफलता मिल रही है।

- **एस. दत्ता,** आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक

### 12 किलो गांजे के साथ दो अपचारी बालक गिरफ्तार

प्रभारी निरीक्षक एस. दत्ता के नेतृत्व में आरपीएफ ने रविवार को 2 अपचारी बालकों को 12 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत 2 लाख 40 हजार है। ऑपरेशन नारकोस के तहत मुखबिर सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 5 में दुर्ग छोर के शौचालय के पास मुखबिर के बताए हुलिए, पहनावे एवं सामान के आधार पर दो संदिग्ध लड़कों को दोपहर में घेराबंदी कर पकड़ा। दोनों के पास एक नीले रंग व बैंगनी रंग के लगेज बैग की जांच करने पर मादक पदार्थ गांजा मिला।

# सीएम साय बोले- हमने मोदी की गारंटी के वादों को पूरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा में कहा- बचे वादों को भी सांय-सांय पूरा करेंगे

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मुश्किल से 6 महीने हुए हैं। 6 महीने में हम लोगों को कम काम करने का अवसर मिला।

इसके बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई, आचार संहिता लागू हो गई, लेकिन आचार संहिता लागू होने से पहले मात्र सौ दिनों में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है। इसका बेहतर परिणाम हमें लोकसभा में मिला। आगामी समय में गारंटी के बचे हुए वादों को सांय-सांय पूरा करेंगे।

श्री साय ने नई दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, विधानसभा चुनाव में हमें छत्तीसगढ़ की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला। छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने मोदी की गारंटी, भारतीय जनता पार्टी, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास किया और चौथी बार हम लोगों ने सरकार बनाई। पहले की तीन बार की जो भाजपा सरकार थी, उससे भी ज्यादा आशीर्वाद भाजपा को मिला। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रति महीने एक-एक हजार के हिसाब से चार किस्तें जारी करने की बात कही।

### नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में तेजी

श्री साय ने कहा, पिछले 15 साल की हमारी भाजपा सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी और जब फिर से भाजपा की सरकार बनी तो केंद्र-राज्य के समन्वय से नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में और भी तेजी आई है। उन्होंने कहा, जो छत्तीसगढ़ की पहचान है, नक्सलवाद जैसा लोग सोचते हैं, वैसा कुछ भी नहीं है। इसलिए छत्तीसगढ़ को ऐसी नजरों से बिल्कुल भी न देखें। केवल पांच जिलों में ही कुछ जगह पर नक्सलवाद है। इन क्षेत्रों में अभी तक लगभग 25 से ज्यादा सुरक्षा कैंप बनाए गए हैं और इसका मतलब कैंप के 5 किलोमीटर के रेडियस में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना है।

## खबर संक्षेप



### नारायण के उच्चारण से मिलता है मोक्षः तिवारी

**नर्रा।** ग्राम परकोम में श्रीमद भागवत महापुराण कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 7 से 15 जून तक किया जा रहा है। कथा व्यास महाराज सुरेंद्र तिवारी धरमबांधा ओडिशा वाले ने चौथे दिन अजामिल उपाख्यान, प्रह्लाद चरित्र का कथा श्रवण कराया। इस दौरान भक्त प्रह्लाद की कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हुए। उन्होंने बताया कि कथा के दौरान परमात्मा का मनन करने से मनुष्य को मोक्ष मिलता है। अजामिल को नारायण के उच्चारण मोक्ष मिला । सच्चे भक्त की पुकार पर भगवान दौड़े चले आते है। इस दौरान कथा रसपान करने आसपास गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आयोजक व मुख्य यजमान के रूप में किशोर कुमार, जानकी बाई चतुर्वेदी एवं बिमला पांडे है।

### कृषि मंत्री नेताम ने तोखन को दी बधाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा आदिमजाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने बिलासपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद तोखन साहू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल में तोखन साहू को जगह दी गई है। उन्होंने कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व प्रदान करने से एक नए विजन के साथ प्रदेश को नई गति मिलेगी।

### शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि आज

**रायपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता एवं छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के संरक्षक, झीरम घाटी नक्सली-माओवादी हमले में शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम विद्याचरण शुक्ल उद्यान में स्थित प्रतिमा स्थल पर 11 जून को सुबह 9.30 बजे प्रारंभ होगा। इसके अलावा लभांडी स्थित राधेश्याम भवन में सुबह 10.30 बजे पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। यह जानकारी महामंत्री रामअवतार देवंगान और नितिन झा ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के समस्त पदाधिकारी, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य आदि शामिल हुए।

### शीतला मंदिर परिसर में किया पौधारोपण

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धनेली में गत दिनों शीतला माता मंदिर परिसर (तालाब किनारे) में पौधारोपण किया गया। साथ ही क्षेत्रीय लोगों को पर्यावरण के महत्व एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई और पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम विकास समिति धनेली को पौधा भी सप्रेम भेंट किया गया।

# सुवरमार परिक्षेत्र सारथी समाज की बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



9 जून को छत्तीसगढ़ सारथी समाज महासमुंद जिला के अंतर्गत सुवरमार परिक्षेत्र की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष केआर सागर के आतिथ्य एवं साखी राम सारथी सभापति समाज के वरिष्ठ नागरिक व अध्यक्षता तुलेंद्र सागर जिलाध्यक्ष तथा समाज प्रमुख खल्लारी परिक्षेत्र, खोलहा राज परिक्षेत्र, सुवरमार परिक्षेत्र के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में ग्राम सुवरमार में हुई।

बैठक में सुवरमार परिक्षेत्र के सारथी समाज के नागरिकों के विभिन्न समस्याओं को समाज प्रमुखों द्वारा सुना गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर समाधान किया गया। साथ ही समाज विकास के लिए परिक्षेत्र की इकाई संगठन को मजबूत करने पदाधिकारी एवं ऊर्जावान सदस्यों को प्रभार देकर समाज कार्य में सहभगिता सुनिश्चित किया गया। साथ ही समाज के नागरिकों विशेष रूप से अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजने व शिक्षा ग्रहण कराने के लिए कहा गया। शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। जिनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। उनके लिए समाज की ओर से प्रमाणीकरण कर शासन को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही सुवरमार परिक्षेत्र के वर्तमान पदाधिकारियों समाज के लेखा जोखा आय व्यय को दुरस्त कर जब भी वार्षिक बैठक हो समुचित रूप से प्रस्तुत करने कहा गया, जिससे समाज के नागरिकों को किसी प्रकार की शंका न रहे कि पदाधिकारी गुमराह कर रहे हैं।

साथ ही परिक्षेत्र में सामाजिक जागरूकता लाने, नशापान, सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास को त्यागने की बात पर समहत हुए। जिला के निर्देशन में समाज कार्य करना, जिला सभी परिक्षेत्र के साथ एवं जिला के सम्परकीय राज्यों के साथ मिल कर समाज विकास का कार्य करने सहमत हुए। बैठक में खल्लारी परिक्षेत्र से सुनील सोनवानी, मुन्ना सहिस, कौड़यिा परिक्षेत्र से पोखन लाल डोंगरे प्रांतीय महामंत्री, जगदीश सागर, खोलहा राज उड़ीसा से रतन लाल सहिस, सुवरमार परिक्षेत्र से देवलाल सहिस अध्यक्ष, डिगेश सागर सचिव, गोपाल डोंगरे कोषाध्यक्ष, हेत राम सागर सलाहकार, बहुर सिंग सहिस सलाहकार, तुलसी बेहरा, नरेश कुलदीप, दीनबंधु सहिस, हेमिन बाई, राज कुमारी, सुरेखा, लक्ष्मी बाई, गंगा बाई, टेक लाल, कोमल, मनोज सोनवानी, सुरेश सोनवानी, भेखलाल, आत्मा राम, राम खिलावन, रिखी राम, दीपेश आदि उपस्थित रहे।

# छग लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा के लिए हुआ पहला टेस्ट

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2024 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा के लिए 7 टेस्ट सीरीज के क्रम



में सोमवार को पहला टेस्ट का आयोजन किया गया। शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा के लिए 7 टेस्ट सीरीज के क्रम में सोमवार को पहला टेस्ट पेपर -1 का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ। इसमें हिंदी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा आदि के प्रश्न पूछे गए थे। 07 टेस्ट के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन 11 जून 2024 को पेपर - 2 निबंध का टेस्ट होगा। वहीं शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में सोमवार को सहायक शिक्षक के लिए टीईटी का पांचवा व अंतिम टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -5 हुआ। जिसमें कुल 150 नंबर का पेपर हुआ। इसमें बालविकास, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। टेस्ट सीरीज को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। पांचवा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 91 परीक्षार्थियों और अन्य शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करने वाले 63 परीक्षार्थियों कुल 154 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में शिक्षक के लिए टीईटी का पहला टेस्ट पेपर का आयोजन 12 जून 2024 को संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट-1 आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और छत्तीसगढ़ मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण में आकर संपर्क कर सकते है।

# बृजराज स्कूल में ड्रॉ के माध्यम से हुआ पहली के विद्यार्थियों का चयन

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में कक्षा पहली के विद्यार्थियों का चयन लकी ड्रा के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, सांसद प्रतिनिधि अजय चोपड़ा, शाला विकास समिति अध्यक्ष देवशरण साहू रहे। लकी ड्रा के इस कार्यक्रम में कुल 40 सीटों के लिए टोटल 74 आवेदन प्राप्त हुए। अतः निर्धारित सीट से अधिक फॉर्म आने के वजह से लकी ड्रा के माध्यम से कक्षा पहली के बच्चों का चयन किया गया। बच्चों के चयन पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने हर्ष जताया। साथ ही स्कूल को हरसंभव मदद देने का आश्वसन दिया। संकुल समन्वयक



सुरेंद्र चंद्राकर द्वारा सभी पालकों को स्कूल में चलने वाले गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराए एवम चयनित बच्चों की जाति प्रमाण पत्र बनवाने को अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभी आवेदित पालकगण, प्रधानपाठक गोमती साहू, संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, शिक्षकगण देवेंद्र ठाकुर, नेहा चंद्राकर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुशांत शेखर धराई ने किया।

# तोखन को मंत्रिमंडल में शामिल कर पीएम ने रखा छत्तीसगढ़ का विशेष ध्यानः देवेंद्र

## मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत बुलंदी के नए शिखर को छुएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नरेंद्र मोदी को लगातार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने की खुशी में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः बुलंदी के नए शिखर को चूमेगा। भारत का डंका पूरे विश्व में बजेगा और भारत विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त करेगा। देश के आर्थिक सुधारों पर भी इस सरकार का जोर रहेगा। छत्तीसगढ़ के एक सांसद तोखन साहू को मंत्रिमंडल में शामिल कर प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ का भी विशेष ध्यान रखा है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।



चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य, कृषि, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और डिजिटल परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक प्रगति के लिए नवाचार के स्त्रोत के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। भारत और दुनियाभर में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर साझेदारी बनाकर उन्होंने भारत को संवेदनशील राष्ट्र के रूप में विश्व पटल में प्रस्तुत किया है। तीसरे कार्यकाल में भी देश की जनता को पीएम मोदी के सामर्थ्य पर पूर्ण विश्वास है। इसके परिणाम स्वरूप ऐतिहासिक कार्य होने की उम्मीद है।

भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार ने अपने हर कार्यकाल में छत्तीसगढ़ प्रदेश का विशेष ध्यान रखा है। इस बार युवा चेहरा बिलासपुर के सांसद तोखन साहू का केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर छत्तीसगढ़ के विकास को नया पंख लगा दिया है। साहू के केंद्रीय मंत्री बनने से छत्तीसगढ़ के विकास तथा उम्मीदों को नई उड़ान मिली है। चंद्राकर ने कहा कि एनडीए गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो सरकार बनाई है, उसमें वरिष्ठ तथा युवा वर्ग को मंत्रिमंडल में शामिल कर सभी वर्ग के साझा अनुभवों का लाभ उठाकर देश विकास में कार्य करने की रणनीति तैयार की गई। जो विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करता परिलक्षित हो रहा है।

# वार्षिक अधिवेशन में एकजुट हुआ कुंभकार समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज जिला इकाई महासमुंद का वार्षिक अधिवेशन ग्राम बनपचरी (पटेवा) में 9 जून को आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष तरुण प्रजापति, महामंत्री हेमलाल कौशिक की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर भगवान श्रीराम चंद्र व कुंभज ऋषि की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डा. चोपड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि कुंभकार समाज जमीन से जुड़ी हुई स्वाभिमानी समाज है। मिट्टी के बर्तन की उपयोगिता और फायदे ज्यादा से



ज्यादा लोगों को बताने की आवश्यकता है। समाज के अंतिम छोर तक के हर एक व्यक्ति को साथ में लेकर चलें तथा समाज के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करें जिससे उन्हें आगे बढ़ने में प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित कुमार चक्रधारी अध्यक्ष छग कुंभकार समाज महासमुंद ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दामिनी तुलसी साहू, बनपचरी सरपंच अभय कुंभकार, समाज के संरक्षक श्याम लाल चक्रधारी, होलाराम चक्रधारी, ईतवारी राम चक्रधारी, कुंजराम चक्रधारी, हेमलाल कौशिक, दौवाराम कुंभकार, लक्ष्मी कुंभकार, रतनलाल चक्रधारी, रवि कुंभकार, सोहन प्रजापति, नंदकुमार चक्रधारी, मुरली कुंभकार, कैलाश प्रजापति, अखिलेश प्रजापति, लखन कुंभकार, हुमेश्वर प्रजापति आदि उपस्थित थे। अधिवेशन में बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरुष, बुजुर्ग, बच्चे, सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अभिलेखाकार की प्रदर्शनी ज्ञान और सूचना की सच्ची निधि : जैन

**रायपुर।** संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का रविवार को समापन हुआ। 3 से 9 जून तक चली प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने लाभ उठाया। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और संचालक विवेक आचार्य को सुझाव दिया कि इन ऐतिहासिक महत्व के अभिलेखों को डिजिटल माध्यम से पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने विजिटर्स बुक में लिखा, यह प्रदर्शनी ज्ञान और सूचना की सच्ची निधि है। डॉ. सुप्रियो दास कोलकाता ने लिखा कि यह शानदार संग्रह है, जो शोध के दृष्टि से बहुत उपयोगी है। इस प्रदर्शनी में ललाटेंदु दास महापात्र, डॉ. पीसी पारख, प्रभात कुमार सिंह पुरातत्ववेत्ता, नीलिमा शर्मा, डॉ. राजीव मिंज, तापस बसाक, प्रवीन तिर्की, विष्णु प्रसाद नेताम, पल्लवी अग्रवाल और शुभम दुबे की महती भूमिका रही।

# नरसिह मंडल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**रायपुर।** व मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम के पूर्व अध्यक्ष तथा गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्थापक रहे स्व. नरसिह मंडल की 12वीं पुण्यतिथि मनाई गई। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्रनगर स्थित मिनीमाता वातानुकूलित भवन में शुक्रवार को हुआ।

इसी दौरान बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगों ने न्यू राजेंद्र नगर प्रांगण में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान 'नरसिंह मंडल अमर रहे' का लगातार जयघोष होता रहा। आयोजन समिति गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि पुष्पांजलि के बाद अकादमी भवन के हाल में स्मृति दिवस का आयोजन हुआ, जहां मंगल-भजनों की प्रस्तुति के साथ उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को



याद किया गया। इस अवसर पर छग राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खंडे ने कहा कि स्व. मंडल सामाजिक समरसता के प्रतीक थे, कार्यक्रम को पूर्व सांसद गोविंद राम मिरी, डॉ. जे.आर. सोनी, चंपादेवी गेंदले, डीएस पात्रे, सुंदरलाल लहरे, सुंदरलाल जोगी, एचएल रात्रे, प्रो. आरपी टंडन ने भी संबोधित किया।

# इधर... मानसून सक्रिय, उधर... उपार्जन केंद्रों में 64 लाख मीट्रिक टन धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब मानसून सक्रिय हो गया है, लेकिन राज्य की सोसायटियों में अब तक 64 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जाम हो गया है। राज्य के मिलरों का कहना है कि सोसायटियों में रखा बहुत-सा धान खराब हो चुका है, इसे उठाने में घाटा हो सकता है। दूसरी ओर मिलरों से उनका तैयार किया चावल एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम नहीं ले रहा है।

इन कारणों से मिलर धान उठा नहीं रहे हैं। ऐसे में अब मानसून सक्रिय होने के बाद धान खराब होने की आशंका गहरा गई है। खरीफ सीजन 2023-24 में राज्य सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जो धान खरीदा था, उसका अधिकांश हिस्सा सोसायटियों से उठाया



जा चुका है, लेकिन सरकारी रिकार्ड बता रहा है कि राज्य के कई जिलों के उपार्जन केंद्रों में अब तक 64504 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जाम है। खाद्य विभाग द्वारा बनाई गई उपार्जन नीति में कहा गया है कि सोसाइटियों में धान खरीदे जाने के 72 घंटे बाद ही धान का उठाव किया जाना है। धान खरीदी के बाद महीनों बीत चुके हैं।

### इन जिलों में धान का स्टॉक

छत्तीसगढ़ के जिन जिलों के खरीदी केंद्रों में धान जाम है, उनमें बस्तर, बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा जिला शामिल है। बाकी के सभी जिलों से धान का परिवहन हो चुका है। इस जिलों की सोसायटियों का पूरा धान राज्य के मिलरों ने कस्टम मिलिंग के लिए उठाया है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज का मनाया राज्याभिषेक दिवस

**रायपुर।** तात्यापारा चौक स्थित शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल में शनिवार को 351वां राज्याभिषेक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक, आरती और पूजा-अर्चना की गई। शाम को 7 नदियों के जल से महाराज के अभिषेक के साथ 351 दीयों से आरती की गई। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने छत्रपति शिवाजी महाराज के संबंध में अपने उद्बोधन में कहा कि अगर शिवाजी महाराज न होते तो स्वराज की स्थापना मुश्किल थी, वे हम सभी के लिए पूजनीय हैं।

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.. 202405120300148
अ-6-अ वर्ष 2023-24
ग्राम महासमुंद प.ह.नं.-42
तहसील व जिला महासमुन्द

// ईश्तहार//

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवन, पिता दाऊलाल चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद के ग्राम महासमुंद प.ह.नं.-42 रा.नि.म. तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. में भूमि स्वामी हक की ख.नं. 1233/6/2/2 रकबा 1196 वर्गफीट परिवर्तित भूमि है, जो आवेदक के पैतृक हक से प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। जिसका संकलन किया जाना है। अतः उक्त भूमि का संकलन कर ऑनलाईन रिकार्ड में प्रवृष्टि किये जाने जाने हेतु माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद के समक्ष छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 114, 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 24/06/2024 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है. उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
महासमुंद

वित्त विभाग ने विभागाध्यक्ष, कलेक्टर और कमिश्नरों को बताया

# बजट प्रावधान नहीं तो कैसे भेजें योजना का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

▪ पुराने नियम भी बदले गए

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने सभी सरकारी विभागों से लेकर राज्य के सभी विभागाध्यक्ष, कलेक्टर और कमिश्नरों को बताया है कि किसी योजना के लिए अगर बजट में प्रावधान नहीं है तो उस योजना का प्रस्ताव वित्त विभाग को किस तरह बनाकर भेजना है। साथ ही वित्त विभाग ने प्रस्ताव भेजने संबंधी पुराने निर्देशों को भी दरकिनार कर दिया है। सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में जारी निर्देश में बताया है कि वित्त विभाग को व्यय के सवंयपूर्ण एवं सुस्पष्ट प्रस्ताव कैसे भेजना है। विभाग को यह निर्देश इसलिए जारी करना पड़ा है, क्योंकि शासन के विभिन्न विभागों से वित्त विभाग को भेजे जाने वाले प्रस्ताव बनाते समय पहले से जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रस्ताव आधे-अधूरे होने के कारण उनका निराकरण करने में असुविधा हो रही है और ऐसे प्रस्तावों को वापस भेजना पड़ रहा है।




### अब ये करना होगा


वित्त विभाग ने निर्देश दिए हैं कि प्रस्ताव के नए प्रारूप के मुताबिक विभागीय नस्ती में प्रकरण से संबंधित सुस्पष्ट संक्षेपिका, जिसमें वित्त विभाग से अपेक्षित निर्णय के बिंदु का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो तथा संक्षेपिका में जरूरी संदर्भ भी लिखे जाएं। बजट के प्रस्ताव में बजट प्रावधान की जानकी शीर्ष वर्गीकरण सहित अंकित हो। यदि बजट प्रावधान उपलब्ध नहीं हो तो ये स्पष्ट करना होगा कि इस खर्च के लिए राशि कैसे उपलब्ध होगी। जैसे पुनर्विनियोजन, आकस्मिकता निधि, अनुपूरक आदि का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

### अब वित्त ने कही ये बात

*वित्त विभाग ने साफ किया है कि विभिन्न विभागों द्वारा भेजे जाने वाले प्रस्ताव को अगर जल्दी से पास करना है तो किस तरीके से प्रस्ताव बनाएं। नवीन पदों का सृजन, रिक्त पदों के विरुद्ध भर्ती की सहमति, नवीन-प्रतिस्थापन के अंतर्गत वाहन क्रय, योजना या कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति, बजट में शामिल योजना, अनुदान, ऋण प्रस्ताव, ऋण पुनर्भुगतान की विमुक्ति तथा हवाई यात्रा की कार्योत्तर स्वीकृति के लिए लिए प्रस्ताव के नए प्रारूप तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही पुराने निर्देशों की निरस्त कर दिया गया है।*

# छग को केंद्रीय कैबिनेट में अपेक्षा से कम मिला प्रतिनिधित्व


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



▪ पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने सांसद तोखन साहू को राज्यमंत्री बनने पर दी बधाई

पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने कहा है कि मोदी सरकार के कैबिनेट में छत्तीसगढ़ को अपेक्षाकृत प्रतिनिधित्व नहीं मिला। बिलासपुर के निर्वाचित सांसद तोखन साहू को मोदी के मंत्रिमंडल में स्थान दिया जाना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए काफी अधिक गर्व और प्रसन्नता का विषय है। साहू समाज के लिए भी यह गर्व और प्रसन्नता का विषय है। श्री साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनभावना के अनुरूप प्रतिनिधित्व नहीं मिला। इस प्रदेश को विकास की जो आवश्यकता है, जो केंद्र सरकार से संबंधित है एवं हमारे छत्तीसगढ़ का अधिकार है, उसे दिलाने में वे सफल होंगे, ऐसी हमारी शुभकामना है। साथ ही कहा, मोदी मध्यप्रदेश में 29 सांसदों पर पांच मंत्री बना रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में 10 सांसदों पर मात्र एक ही मंत्री बना रहे हैं, ये छत्तीसगढ़ के लोगों की भावनाओं पर कुठाराघात है। जबकि कम से कम दो मंत्री बनाए जाने थे। छत्तीसगढ़ को सांसदों की संख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में बच्चों को सिखा रहे तैराकी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के तालाब में बच्चों को तैराकी सिखाया जा रहा है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हर बच्चों में सीखने का अलग तरीका होता हैं। कुछ बच्चों ने तैरना नहीं आता है, क्योंकि, माता पिता ने उसे तैरने का प्रयास नहीं करवाते हैं। यहां बच्चों को तालाब में बटरफ्लाई से तैरना सीख रहे हैं।

### शिविर में 31 मरीजों का निःशुल्क इलाज

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में फिक्स डे शिविर के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। 31 मानसिक रोग के मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। साथ ही नशे लत टोबेको यूजर को एंटी गम भी दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना डॉ नारायण साहू बीएमओ, डॉ राजीव पटेल ब्लॉक नोडल, ढोलचंद नायक बीपीएम एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, टेकलाल नायक मानिटरिंग व टीम उपस्थित हुए।



### आतिशबाजी कर बांटी गई मिठाई

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी के अटल चौक में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामआसरे यादव के नेतृत्व में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर सर्व समाज के प्रांताध्यक्ष डॉ संजीव कर्मकार, एसआर बंजारे, जोगी निषाद, उपसरपंच तेजेंद्र शर्मा, अशोक यादव, सुरेश शर्मा, खोरबाहरा यादव, सेवकराम यादव, कोमल निषाद, अजय यादव, पुरूषोत्तम पटेल, शशिकांत परमार, फागूलाल आवड़े सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृषि: खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान

# ट्यूबवेल वाले किसान रोपाई के लिए डाल रहे धान बीज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

क्षेत्र के ट्यूवेल साधन वाले कृषक खरीफ फसल की तैयारी में जुए गए हैं। किसान खेतों की साफ सफाई के बाद अब ट्यूबवेल से पानी छोड़ा जा रहा है। ट्रैक्टर व रोटोवेटर से जुताई व मताई करने के बाद रोपाई के लिए बीज का छिड़काव भी कर रहे हैं। अच्छी पैदावार अच्छी उत्पादन के लिए हाईब्रिड धान में पान, जामुना, संपदा, सरना के अलावा एक हजार एक, लाल सफेद सरना, छोटा किस्म में हजार दस, 1156, एचएमटी, सिलकी, मंजू गोल्ड जैसे इधान बीजों की मांग अधिक है।

किसान इसे बोता हो या रोपाई करना बहुत प्रसंद करते है। इस क्षेत्र में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष भीमसेनी एकादशी के पहले अधिकांश किसान रोपा के लिए खेत में बीज डालना शुरू भी हो गया है। मध्यम वर्गी छोटे किसान भी खेत की साफ सफाई एवं मेड पार में जगे खरपतवारों को जलाकर नष्ट कर रहे है।

इसी तरह किसान अपने खेत पर गोबर खाद भी डालना शुरू कर दिए है। इन दिनों क्षेत्र के किसानों ने सोसायटियों से मिलने वाले खाद में डीएपी, यूरिया, पोटाश एवं सुपर फास्पेक्ट धान बीज का उठाव तेज गति से जारी है।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए 1608 छात्रों ने दिलाई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग महासमुंद द्वारा जिले में प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय के 8 परीक्षा केंद्रों में इस परीक्षा का आयोजन किया गया। जहां कुल 1794 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें से 1608 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।



विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालयों का संचालन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, कांकेर, बालोद में किया जाता है। इन विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखकर पढाई कराई जाती है। इन विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा एवं आवास निशुल्क दिया जाता है। इसके लिए प्रतिवर्ष कक्षा 9 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजन आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा के लिए महासमुंद जिले में कुल 1794 परीक्षार्थियों ने इस वर्ष पंजीयन कराया था। जिसके लिए परीक्षा केंद्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में 300, वेडनर स्कूल महासमुंद में 400 तथा सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद में 343, आत्मानंद विद्यालय तुमगाँव में 200, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में 150, नवजीवन विद्यालय तुमगांव में 150, सरस्वती विद्या मंदिर तुमगांव में 150, छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 101 परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था की गयी थी। जिनमें 1608 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। कुल उपस्थिति का प्रतिशत 90 रहा। परीक्षा में आवश्यक व्यवस्था एवं सुचारू संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर नोडल अधीक्षकों की नियुक्ति की गयी थी। परीक्षा समाप्ति पश्चात पूर्ण गोपनीयता के साथ सभी उत्तर पुस्तिकाएं राज्य कार्यालय भेज दिया जाता है। जहां से परीक्षा परिणाम होने के पश्चात मेरिट के आधार पर बच्चों को प्रयास आवासीय विद्यालय में काउंसिलिंग प्रक्रिया के द्वारा प्रवेश दिया जाता है।

## तोखन के केंद्रीय मंत्री बनने से छग के विकास को मिलेगी नई गति : भाऊराम



**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सांसद तोखन साहू को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। साहू ने कहा कि साहू समाज बहुसंख्यक है, भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा साहू समाज का ध्यान रखा है। इससे पहले केंद्रीय मंत्रीमंडल में अब तक के इतिहास में साहू समाज को नेतृत्व का मौका नहीं दिया गया था। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी ने साहू समाज से निर्वाचित सांसद तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाकर समाज का सम्मान किया है। पंच, सरपंच से लेकर विधायक तथा सांसद तक का सफर तय करने वाले जमीन से जुड़े तोखन साहू को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने से साहू समाज सहित पूरे प्रदेशवासी उत्साहित हैं। भाऊराम ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जो अपने सामान्य कार्यकर्ताओं को फर्श से अर्श तक लेकर जाती है। तोखन साहू का केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना एक किसान का सम्मान है और यह छत्तीसगढ़ के लिए बेहद सुखद अनुभूति है। तोखन साहू के केंद्रीय राज्यमंत्री बनने से बिलासपुर लोकसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी।

## मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मनाया जश्नः अलका




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर खल्लारी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। स्थानीय स्टेशन चौक पर आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिए। इस अवसर पर अलका चंद्राकर ने कहा कि मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से भारत में विकास की गति तीव्र होगी। जनहित में कई दूरगामी निर्णय होंगे। आज पहली बार लोकसभा चुनाव में खल्लारी विधानसभा में जीत समर्पित निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। इस अवसर पर प्रेम साहू, अनिल पुरोहित, नरेश चंद्राकर, भेखलाल साहू, सुरेश नरेडिया, शंकर तांडी, जसराज चंद्राकर, आबिद कुरैशी, सोहन साहू, संजय मालवे, मोती पुजारा, लोकेश साहू, दुर्गा वस्त्रकार, मोगेश चंद्राकर समेत बड़ी संख्या में भाजपाजन मौजूद रहे।

## मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना



रविवार को खल्लारी विधानसभा बागबाहरा ग्रामीण मंडल के मुख्यालय तेंदूकोना में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पुनः प्रधानमंत्री बनने के हर्ष के उपलक्ष्य में आतिशबाजी, मिठाई बांट एवं नारे लगाकर खुशियों का इजहार किया गया। कार्यक्रम में महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू की उपस्थिति व मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल के नेतृत्व में व भारी संख्या में मंडल के कार्यकर्तागण मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंडल के उपाध्यक्ष चिंताराम साहू, महामंत्री मयाराम साहू, सुरेश अग्रवाल, भाजयुमो अध्यक्ष रवी फरोदीया, कमलेश, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष प्रेशन साहू, धनंजय साहू, कन्हैया नायक, रेवा साहू, कौशल साहू, चिंता सिन्हा, दीनबंधु सेन, हीराधर विश्वकर्मा, टीकम ध्रुवशी, बलराम दीक्षित, डेरहाराम साहू, नर्मदा शर्मा, नंदनी चंद्राकर, द्रौपती, हरिवल्लभ शर्मा, सेतराम पटेल, मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू व ग्रामीणजन भारी संख्या में मौजूद रहे।



**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद क्लब पारा वार्ड क्रं 26 के सक्रिय पार्षद मनीष शर्मा के नेतृत्व में रविवार को दिल्ली में हुई एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए एनडीए का नेता चुने जाने पर शास्त्री चौक में मिठाई वितरण किया गया। भाजपाइयों ने एक-दूसरे को मिष्ठान का वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान पार्षद मनीष शर्मा, मुन्ना साहू, महेंद्र साहू, महेश साहू, रितेश सूचक, अभिषेक शर्मा, पुरुषोत्तम सेन, जय ठाकुर, देव लोधी आदि उपस्थित रहे।

# राज्य शिक्षा स्थायी समिति के सदस्य बने डॉ. वासुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बेस्ट एकेडीमीशियन अवार्ड से सम्मानित शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर में प्राध्यापक के रूप में सेवा दे रहे डॉ वासुदेव साहसी को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य शिक्षा स्थायी समिति सदस्य नामित किया गया है।

बता दें कि डॉ साहसी प्राशसनिक कुशलता के लिए बेस्ट एकेडीमीशियन अवार्ड से सम्मानित भी हो चुके हैं। डॉ साहसी मूलतः बालोद जिले के देवरी के समीप भंडेरा के रहने वाले हैं। उनकी शिक्षा जगत में योगदान के संदर्भ में दृष्टिपात किया जाए तो वह उच्च शिक्षा विभाग के एक सशक्त हस्ताक्षर है। जिन्होंने कई किताबों का लेखन किया। जिसमें प्रमुख रूप से बस्तर का इतिहास विशिष्ट है। पूरा परिवार शिक्षा जगत में अतुलनीय योगदान के लिए जाना जाता रहा है। पिता स्व. त्रिभुवन साहसी (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक) का प्रारंभ से मार्गदर्शन पूरे परिवार को नए कीर्तिमान स्थापित कराने में सफल रहा है। छोटा भाई कुशाग्र बुद्धि के चलते राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा उत्तीर्ण कर आज़ आईटी



आफिसर है तो वहीं मंझले भाई डॉ बीएल साहसी और छोटी बहन पुष्पा कटेंद्र इतिहास विषय के व्याख्याता के रूप में सेवा दे रहे हैं। डॉ साहसी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शोध निर्देशक के रूप में लगभग एक दर्जन से भी अधिक शोध छात्रों को शोध निर्देशक के रूप में मार्गदर्शन कर रहे हैं।

दो दशक से अधिक समय तक राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के तौर पर रहे। जिसके लिए प्रतिष्ठित मंचों पर सम्मानित होते देख परिवार के साथ-साथ शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ साहसी छत्तीसगढ़ राज्य स्थायी शिक्षा समिति सदस्य के रूप में नवाचार एवं शिक्षा संबंधी गुणवत्ता में बढ़ोतरी करेंगे। उक्ताशय की जानकारी भेख राम सिन्हा गोल्ड मेडलिस्ट शोध छात्र नवागांव पटेवा ने दी है।

### चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के छात्र दर्शन का आईआईटी में चयन



**महासमुंद।** भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने 9 जून 2024 को जेईई एडवांस 2024 का रिजल्ट घोषित किया। जिसमें चंद्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद के कक्षा बारहवीं के छात्र दर्शन जैन ने जेईई एडवांस में ऑल इंडिया रैंक (1568) अर्जित कर स्कूल और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि दर्शन ने भारत के सबसे कठिनतम माने जाने वाले आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा क्लियर कर आईआईटी जेईई एडवांस की परीक्षा दी थी। दर्शन का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में हुआ है। दर्शन के इस सफलता पर सीपीएस शाला परिवार बहुत ही गौरवान्वित है। चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, सहसचिव बंशीलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष एवं समिति के समस्त सदस्यगण, प्राचार्य नवीन कुमार, उपप्राचार्य मंजुला चंद्राकर एवं सभी शिक्षकों ने दर्शन को इस अपार सफलता पर हर्ष जताया है।

## गांजा परिवहन कर रहे कोरबा के दो युवक पुलिस हिरासत में

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने नगर के अग्रसेन चौक के पास से दो युवकों के कब्जे से 80 हजार रुपए का गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। सरायपाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अग्रसेन चौक सरायपाली में बाहर के दो व्यक्ति हीरो स्ट्रीम क्र. सीजी 10 एसी 3838 के साथ रोड किनारे खड़े हैं, अपने पास में प्लास्टिक की बोरी में गांजा रखे हुए हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थल पर वहां खड़े युवकों से पूछताछ की, जिस पर उन्होंने अपने नाम रामखिलावन विश्वकर्मा पिता हरप्रसाद विश्वकर्मा (28 वर्ष) ग्राम खैराडुबान थाना पाली जिला कोरबा और सूरज पटेल पिता कीर्ति पटेल (23 वर्ष) ग्राम कछारपारा थाना पाली जिला कोरबा छग का होना बताया। साथ ही प्लास्टिक की बोरी में गांजा रखना होना बताया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 किलो गांजा कीमत 80000 रुपए, बाइक कीमत 1 लाख रू. एवं दो नग मोबाइल कीमत 20000 रुपए कुल 200000 रुपए का सामान जब्त किया है आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइक्रोट्रोपिक सब्सटानसिस एक्ट, 1985 की धारा 20 (बी) के तहत कार्रवाई की गई।

# 125वीं पुण्यतिथि पर भगवान बिरसा मुंडा का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- बीटीआई रोड के बूढ़ादेव भवन में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

स्थानीय बीटीआई रोड स्थित बूढ़ादेव भवन में 09 जून को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ब्लॉक व जिला इकाई महासमुंद द्वारा श्रद्धांजलि कार्यकम रखा गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया।



श्रद्धांजलि कार्यकम में एमएल ध्रुव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष, महेश कुमार ध्रुव जिला महासचिव, तुलाराम ध्रुव कोषाध्यक्ष, नीलकमल ध्रुव ब्लॉक मीडिया प्रभारी, ताराचंद ध्रुव वरिष्ठ सदस्य एवं देवेंद्र कुमार ध्रुव आदिवासी विकास परिषद महासमुंद, प्रवीण कुमार ठाकुर प्रांतीय सचिव अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद तथा आरपी वर्मा, हेमलाल साहू, सुरेश कुमार क्षेत्रपाल, विकांतपुरी गोस्वामी, भीखम कुमार चंद्राकर, फुलसिंग यादव आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी संघ के ब्लॉक मीडिया प्रभारी नीलकमल ध्रुव ने दी है।

# शिक्षक समूहों ने पाठ्य योजना तैयार कर दिया प्रस्तुतिकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के आदेशानुसार एवं मीना पाणिग्रही प्राचार्य जिला शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान अर्थात एफएलएन के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का ब्लेंडेड मोड (ऑफलाइन) में चार दिवसीय प्रशिक्षण महासमुंद, तुमगांव और झलप जोन में 10 जून से प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस संपा बोस एपीसी, अनिता निर्मलकर प्रभारी बीआरसीसी एवं वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में राष्ट्रगान हुआ।



कार्यशाला में जिला स्त्रोत व्यक्ति (डीआरजी) द्वारा भाषा आधारित 4 ब्लॉक मॉडल, जिसके आधार पर शिक्षकों के समूह द्वारा पाठ्य योजना तैयार कर प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसकी समीक्षा भी गई। भाषा शिक्षण की दैनिक, साप्ताहिक और वार्षिक कार्ययोजना पर वृहद चर्चा की गई। भाषा शिक्षण की वार्षिक योजना अंतर्गत 26 सप्ताह में किए जाने वाली गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के जिला नोडल कमलेश पांडेय हैं। इस प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य डाइट, बीईओ, बीआरसीसी द्वारा ऑनलाइन एवं उपस्थिति होकर की जा रही है। कार्यशाला में कसावट लाने के लिए शिक्षकों की उपस्थिति भी जिला और राज्य स्तर पर ऑनलाइन ली जाती है। शिक्षकों द्वारा प्री टेस्ट भी दिया गया। प्रशिक्षण के लिए महासमुंद जोन में एसआरजी एवं ब्लॉक प्रभारी मधु साहू, डीआरजी खेमिन साहू, मनोज साहू, पवन साहू, तुमगांव जोन में नीरज साहू, गोपाल साहू, बाल्मिकी साहू, झलप जोन में मनीष चंद्राकर, सीमा यादव, कमल किशोर कुर्रे उपस्थित रहे। सभी जोन में व्यवस्था के लिए सतीश तिवारी, सुरेंद्र चंद्राकर, निर्वाण दास मानिकपुरी व्यवस्था प्रभारी के रूप में है। इस प्रशिक्षण में सभी जोन अंतर्गत आने वाले संकुल के संकुल समन्वयक भी उपस्थित थे। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण के सफल संचालन में केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी आशीष कुमार साहू ने दी है।

## मोदी की गारंटी और साय के सुशासन से मिली भाजपा को सफलता

**महासमुंद।** लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली जबरदस्त सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए पिछड़ा वर्ग भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू ने कहा कि इस सफलता का श्रेय मोदी की गारंटी और साय के सुशासन के अलावा प्रदेश भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को जाता है, जिन्होंने भीषण गर्मी में भी अपने स्वास्थ्य का ख्याल ना रख पार्टी और देशहित में प्रदेश के एक-एक मतदाताओं तक सीधे पहुंचकर, उन्हें मोदी सरकार के 10 साल और साय सरकार के केवल 2 महीने के कार्यकाल में हुए अभूतपूर्व जनहितैषी कार्यों से विस्तारपूर्वक अवगत कराकर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश की जनता और भाजपा के कार्यकर्ता वंदनीय हैं, जिन्होंने तीसरी बार बनने वाली मोदी सरकार में 10 सीटों का अहम योगदान दिया है। साहू ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश की मातृ शक्तियों की विशेष रूप से ऋणी रहेगी, जिन्होंने भर-भरकर भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है। अगर मातृ शक्तियों ने कांग्रेस के 1 लाख रुपए सालाना के लालच को दरकिनार कर भाजपा को वोट नहीं करती तो शायद आज स्थिति उलट होती। मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी में साहू ने अपने काफी हाउस में शाम को एक घंटे तक लोगों को निःशुल्क चाय पिलाई।

